## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 31.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- एमएमडीआर बिल को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने–सामने, भाजपा ने अवैध माइनिंग को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, कांग्रेस ने कहा– झारखंड की कल्याणकारी योजनाओं पर पड़ेगा असर।
- गोड्डा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में 63 बीएचएमएस सीटों पर जारी रहेगी पढ़ाई, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने बीएचएमएस सीटों की दी मंजूरी।
- मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में अगले एक से तीन घंटे में वज्रपात और बारिश की जताई संभावना।
- जेएससीए की वार्षिक आमसभा में 400 सदस्यों ने लिया हिस्सा, जस्टिस वीरेंद्र सिंह लोकपाल के लिए नामित।
- सिमडेगा में 21वीं मेजर ध्यानचंद हॉकी चैंपियनशिप के तीसरे दिन सीओई सिमडेगा की दोनों टीमों ने दर्ज की जीत।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की किर्गिस्तान यात्रा पर बिश्केक पहुंच गए हैं। हवाई अड्डे पर किर्गिस्तान के मंत्रिमंडल के अध्यक्ष आदिलबेक कासिमलियेव ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे और कल सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने खान एवं खनिज विधेयक को लेकर राज्य सरकार पर लोगों में भ्रम फैलाने और अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

वहीं, कांग्रेस विधायक और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पलटवार करते हुए केंद्र सरकार से यह साबित करने को कहा कि विधेयक से अवैध खनन पर रोक लगेगी।

*********************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग की। सोरेन ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में आदिवासी आरक्षित सीटों में कमी का दावा करते हुए कांग्रेस पर आदिवासी हितों की अनदेखी का आरोप लगाया।

*********************

गोड्डा राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में 63 सीटों पर बीएचएमएस पाठ्यक्रम जारी रहेगा। राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने इसकी मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि कॉलेज में शिक्षण स्टाफ की कमी दूर करने के लिए 53 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। सरकार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भी काम कर रही है।

*********************

आद्रा मंडल में आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया गया है। इसके कारण दक्षिण पूर्व रेलवे ने कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। टाटानगर–आसनसोल मेमू चार और छह सितंबर को केवल आद्रा तक चलेगी। आसनसोल–टाटानगर–आसनसोल मेमू आज तथा तीन और पांच सितंबर को आद्रा तक सीमित रहेगी। खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस दो, पांच और छह सितंबर को आद्रा से ही समाप्त और शुरू होगी। चक्रधरपुर–गोमो मेमू का परिचालन एक, चार और छह सितंबर को महुदा तक रहेगा। कई मेमू ट्रेनें अलग–अलग तिथियों में रद्द रहेंगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

*********************

झारखंड के करीब 25 हजार पीडीएस डीलर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कल सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देंगे। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के अनुसार, डीलरों का एनएफएसए कमीशन करीब एक वर्ष और ग्रीन कार्ड का कमीशन लगभग दो वर्षों से लंबित है। संगठन ने कमीशन के नियमित भुगतान, पेपरलेस व्यवस्था लागू करने और ई–पॉश मशीन में सर्वर की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों के झुंड ने करीब आधा दर्जन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और कई एकड़ में लगी धान, गन्ने और मकई की फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के गांवों में घुसने से ग्रामीणों में दहशत है और लोग रातभर जागकर सुरक्षा करने को मजबूर हैं। बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने प्रशासन से हाथियों को गांव से दूर भगाने और प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की मांग की है।

*********************

रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में देर रात फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कमड़े, रातू निवासी टोनी लोहरा के पेट में गोली लगी है। उसे रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, मंडा बगीचा में युवकों के जुटने के दौरान विवाद के बाद फायरिंग हुई। पुलिस घटना की जांच कर रही है और आरोपी की पहचान के प्रयास जारी हैं।

*********************

शेयर बाजार आज दोपहर के सत्र में आधा प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ काम कर रहा था। निफ्टी एक सौ 50 अंक गिरकर 24 हजार 26 पर, जबकि सेंसेक्स तीन सौ 90 अंक गिरकर 76 हजार आठ सौ 75 पर काम कर रहा था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 900 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 44 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले एक से तीन घंटे में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है।

*********************

खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड के घाघरा गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण राम मुंडा का मिट्टी का घर धंस गया। घर गिरने से राम मुंडा अपनी वृद्ध मां और दो बच्चों के साथ बेघर हो गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की उम्मीद जताई है।

*********************

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा की बैठक रांची स्थित जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने की। करीब 400 सदस्यों ने पिछले वर्ष के कामकाज और वित्तीय मामलों पर चर्चा की। बैठक में एस.बी. सिंह की सदस्यता समाप्त करने के फैसले की पुष्टि की गई। वित्तीय वर्ष 2025–26 के ऑडिटेड लेख को भी मंजूरी दी गई। वहीं, हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वीरेंद्र सिंह को लोकपाल के लिए नामित किया गया।

*********************

सिमडेगा में 21वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर जिला महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के तीसरे दिन महिला वर्ग के दो मुकाबले खेले गए। सीओई सिमडेगा ए ने एसटीसी सिमडेगा को तीन–शून्य से हराया, जबकि सीओई सिमडेगा बी ने एचटीसी लचड़ागढ़ को एक–शून्य से पराजित किया। दोनों विजेता टीमों ने तीन–तीन अंक हासिल किए।

*********************